# उत्तराखंड सरकार प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बनाएगी घर

## चर्चा में क्यों?

हाल ही में आवास की आवश्यकताओं को पूरा करने हेतु एक महत्त्वपूर्ण कदम के रूप में, **उत्तराखंड सरकार ने प्रधानमंत्री आवास योजना (PMAY) के** तहत **कम आय वाले परिवारों** के लिये **16,000 किफायती आवासों** के निर्माण की घोषणा की है।

## मुख्य बिंदु

- **PMAY परियोजना:**
- इस परियोजना का नेतृत्व उत्तराखंड आवास विकास परिषद (UHDC) और मसूरी देहरादून विकास प्राधिकरण (MDDA) द्वारा किया जा रहा है।
    - ये निकाय इन घरों का समय पर और कुशल निर्माण सुनिश्चित करने के लिये निजी निवेशकों के साथ मिलकर कार्य कर रहे हैं।
- इस पहल में निजी निवेशकों द्वारा संचालित **15 परियोजनाएँ शामिल हैं,** जिनमें 12,856 आवास (घर) शामिल हैं, जबकि विभिन्न विकास प्राधिकरण अतिरिक्त 3,104 इकाइयों का निर्माण कर रहे हैं। मार्च 2025 तक सभी परियोजनाओं को पूर्ण करने का लक्ष्य है।
- **PMAY के बारे में:**
- इस पहल का उद्देश्य बेघर परिवारों को **'पक्के' घर (आवास) उपलब्ध कराना है, जो** '**अंत्योदय**' के व्यापक लक्ष्य के अनुरूप है तथा गरीब से गरीब व्यक्ति का उत्थान करना है।
- यह योजना 3 लाख रुपए से कम वार्षिक आय वाले बेघर परिवारों के लिये बनाई गई है।
    - **पात्र परिवार 15 जून, 2015** से पहले से उत्तराखंड के निवासी होने चाहिये।
- **इन किफायती आवासों का निर्माण उत्तराखंड में निम्न आय वाले परिवारों की जीवन स्थितियों में महत्त्वपूर्ण सुधार लाने की आशा है।**

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/uttarakhand-govt-to-build-homes-under-pmay-scheme